Seventeenth Loksabha

>

Title: &h Regarding Health Care.

श्री राम शिरोमणि वर्मा (श्रावस्ती): माननीय अध्यक्ष जी, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का मौका दिया, इसके लिए बहुत धन्यवाद । मेरा संसदीय क्षेत्र श्रावस्ती स्वास्थ्य व मेडिकल शिक्षा क्षेत्र में अति पिछड़ा है । इस क्षेत्र की गरीब जनता के इलाज के लिए दूर-दूर तक व आसपास के किसी जिले में कोई मेडिकल कॉलेज नहीं है, जिसकी वजह से उन्हें प्राइवेट अस्पताल में इलाज कराने के लिए बहुत ज्यादा पैसा खर्च करना पड़ता है और प्राइवेट अस्पताल वाले मनमाने तरीके से पैसा वसूल करते हैं । उन पर सरकार का कोई नियंत्रण नहीं है । इस क्षेत्र की गरीब जनता को अपना इलाज कराने के लिए लखनऊ व दिल्ली जाना पड़ता है । यहां के लोगों की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय है व उचित शिक्षा का अभाव है, इस कारण यहां के लोग लखनऊ व दिल्ली जाने में असमर्थ होते हैं । यहां जो लोग हिम्मत करके आते हैं, उनमें से बहुत लोगों की मौत दूरी होने के कारण आधे रास्ते में ही हो जाती है ।

मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज की स्थापना की जाए ताकि यहां की गरीब जनता को कम खर्च में समय पर इलाज मिल सके और गंभीर बीमारियों को रोका जा सके । धन्यवाद ।